# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2026-27)

## हिंदी (आधार) विषय कोड (302)

## कक्षा-बारहवीं

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक – 80**

- प्रश्न पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- यह प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभाजित है – क, ख और ग।
- खंड- क में अपठित बोध पर आधारित 2 प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड- ख में पाठ्य पुस्तक 'अभिव्यक्ति और माध्यम' से 3 प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।
- खंड- ग में पाठ्य पुस्तक ‘आरोह’ तथा ‘वितान’ से 6 प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |
- यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **18** |
| **1** | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>पोषण सभी जीवधारियों सहित हम मनुष्यों की मूलभूत जैविक आवश्यकता होती है। जीवन की आरंभिक अवस्थाओं से शरीर और मस्तिष्क की वृद्धि, विकास तथा सक्रियता के लिए उचित आहार आवश्यक है। आहार का मुख्य स्रोत खाद्य पदार्थ होते हैं और इन खाद्य पदार्थों का उपयोग बड़े पैमाने पर इसके उत्पादन और वितरण पर निर्भर रहता है जो कि मानव आबादी के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को निर्धारित करता है। सेहतमंद आहार मनुष्य के समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उचित पोषण शरीर को आवश्यक पोषक | **10** |

*शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।*

| | | |
|---|---|---|
| | तत्व, विटामिन और खनिज प्रदान करता है जो शारीरिक कार्यों का समर्थन करते हैं, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देते हैं और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं।<br>शिशु जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक पोषण की दृष्टि से पर्याप्त आहारों तथा स्वस्थ जीवन शैली की संकल्पना की जाती है। इसी अहम उद्देश्य से भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भारतीयों के लिए आहार संबंधी संदर्शिका (गाइडलाइन) की अनुशंसा करती है। स्वास्थ्य से जुड़े लाभ पाने के लिए आई.सी.एम.आर. की आहार संबंधी संदर्शिका का उपयोग सामान्य आबादी या विशिष्ट शरीर क्रिया या उच्च जोखिम वर्गों के लिए सीधे तौर पर किया जा सकता है। यह संदर्शिका कृषि, स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित भारत की राष्ट्रीय नीतियों में नियत लक्ष्यों को सामने रखती है। सामाजिक आर्थिक स्थितियों की दृष्टि से वर्तमान समय में लोगों के जीने के तरीकों में बदलाव आया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जीवन शैली में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पारंपरिक से आधुनिक खाद्य पदार्थों की ओर झुकाव, खाना पकाने की विधियों में बदलाव, प्रोसेस्ड और रेडी टू ईट खाद्य पदार्थों के बढ़ते चलन, पेय पदार्थों और फास्ट फूड की मार्केटिंग ने आम जन के खाद्य पदार्थों के चयन तथा आहार संबंधी व्यवहार को प्रभावित किया है। अत्यधिक शर्करा और नमक की मात्रा वाले खाद्य पदार्थों की तरफ लोगों के झुकाव से हर उम्र खास तौर पर युवाओं और बच्चों में स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा और जीवन शैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही है। ऐसी परिस्थिति में आहार संबंधी संदर्शिका का महत्व बढ़ जाता है।<br><br>साभार - 'आविष्कार' मासिक पत्रिका | |
| **I.** | उपर्युक्त गद्यांश किस विषय पर आधारित है?<br>(A) पोषण पर<br>(B) स्वास्थ्य पर<br>(C) आहार पर<br>(D) संदर्शिका पर | **1** |
| **II** | निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्प से उचित उत्तर चुनकर लिखिए :<br>कथन - बच्चों में स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण - लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन देखा जा रहा है।<br>(A) कथन सही है और कारण गलत है।<br>(B) कथन गलत है और कारण सही है।<br>(C) कथन और कारण दोनों सही है किन्तु कारण कथन की व्याख्या नहीं करता है।<br>(D) कथन और कारण दोनों सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| **III** | सभी जीवों की मूलभूत आवश्यकता है ?<br>(A) आहार<br>(B) विहार<br>(C) पोषण<br>(D) स्वास्थ्य | **1** |
| **IV** | आई.सी.एम.आर. ने संदर्शिका बनाने के बारे में क्यों सोचा होगा? | **1** |
| **V** | भारतीयों के लिए आहार संबंधी संदर्शिका की आवश्यकता क्यों है? | **2** |
| **VI** | ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जीवन शैली में किस प्रकार के बदलाव देखे जा रहे हैं और उसका क्या प्रभाव पड़ रहा है? | **2** |
| **VII** | उचित पोषण किसे कहा गया है? | **2** |
| **2.** | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>क्या चाहती है दुनिया —<br>समानता?<br>एक ऐसी धरती, जहाँ<br>न कोई ऊँच-नीच का डर हो,<br>न कोई तिरस्कार की दीवार।<br>पर सोचो तो सही,<br>प्रकृति ही समान नहीं,<br>तो फिर मनुष्य कैसे पूरी तरह समान हो पाएगा?<br>पहाड़ ऊँचे हैं, | **8** |

नदियाँ गहरी हैं,
पेड़ अलग-अलग ऊँचाइयों में पनपते हैं,
फूल भी किसी में कम सुगंध, किसी में अधिक।
फिर भी प्रकृति में
कोई द्वेष नहीं,
कोई संघर्ष नहीं,
क्योंकि वह विविधता को ही
अपनी शक्ति मानती है।

तो फिर मनुष्य क्यों
भिन्नता को विभाजन समझ लेता है?
क्यों किसी की हैसियत,
किसी का रंग,
किसी की भाषा या जन्म-स्थान देखकर
अपना दृष्टिकोण बदल लेता है?

समानता का अर्थ कभी यह नहीं था
कि सब एक जैसे बन जाएँ।
समानता का अर्थ है—
हर व्यक्ति को
एक-सा सम्मान मिले,
एक-सा अवसर मिले,
और एक-सी सुरक्षा का एहसास।

हमें बदलनी होगी वह सोच
जो पीढ़ियों से चलती आई है—
कि श्रेष्ठ वही जो ऊँचे घर जन्मा,
कि शक्तिशाली वही जो धनवान।
हमें स्वीकारना होगा—
कि सच्ची श्रेष्ठता
विनम्रता और करुणा में बसती है।

| | | |
|---|---|---|
| | समानता की राह कठिन है,<br>पर असंभव नहीं।<br>इसके लिए चाहिए—<br>न्यायपूर्ण व्यवस्था,<br>शिक्षा में समभाव,<br>और हृदय में दया का विस्तार।<br><br>जब समाज यह समझ लेगा<br>कि विविधता कोई बाधा नहीं,<br>बल्कि प्रगति की नींव है—<br>तब समानता कोई विचार नहीं,<br>एक सत्य बन जाएगी।<br>स्रोत : कविता 'समानता', कवि - अजय कुमार | |

| | | |
|---|---|---|
| **I** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए :<br>समाज को समझने की जरूरत है कि –<br><br>कथन-i : विविधता कोई बाधा नहीं है।<br>कथन- ii : सच्ची श्रेष्ठता विनम्रता में होती है।<br>कथन-iii : विविधता से ही प्रगति संभव है।<br>कथन- iv : समानता की राह असंभव है।<br><br>**विकल्प**<br>(A) केवल कथन i सही है ।<br>(B) केवल कथन iv सही है।<br>(C) केवल कथन i,ii,iii सही है।<br>(D) केवल कथन i, ii, iv सही है। | **1** |
| **II** | प्रकृति अपनी शक्ति किसे मानती है?<br>(A) समानता को<br>(B) विविधता को<br>(C) सुंदरता को<br>(D) प्रगति को | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **III** | दुनिया को समानता पाने के लिए -<br>(A) प्रकृति से सीखना होगा।<br>(B) कर्मों में बदलाव लाना होगा।<br>(C) स्वभाव के अनुसार जीना होगा।<br>(D) भेद -भाव मिटाना होगा। | **1** |
| **IV** | कविता के आधार पर लिखिए कि दुनिया क्या चाहती है? | 1 |
| **V** | समानता की राह को आसान कैसे बनाया जा सकता है? | **2** |
| **VI** | कविता हमें क्या संदेश देती है? | **2** |
| | **खंड – ख**<br>**( 'अभिव्यक्ति और माध्यम' पाठ्यपुस्तक पर आधारित)** | **22** |
| **3.** | निम्नलिखित अप्रत्याशित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120 शब्दों** में रचनात्मक लेख लिखिए :<br><br>(i) एक दिन खेल के मैदान में<br>(ii) परीक्षा परिणाम का दिन<br>(iii) साथियों के साथ एक सुखद यात्रा | **6** |
| **4.**<br><br>I<br><br>II<br><br>III<br><br>IV<br><br>V | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर **40 शब्दों** में लिखिए-<br><br>रेडियो माध्यम की दो खूबियों और दो खामियों का उल्लेख कीजिए।<br><br>पत्रकारीय लेखन से क्या अभिप्राय है?<br><br>अखबार में संपादकीय लेख के बारे में आप क्या जानते हैं?<br><br>विशेष लेखन की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।<br><br>बोलने से अधिक कठिन लिखना क्यों होता है? | **4×2=8** |
| **5.**<br><br>I | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80 शब्दों** में लिखिए : | **2×4=8** |

| | | |
|---|---|---|
| II<br><br>III | 'भाषा ऐसी होनी चाहिए कि वह सभी को आसानी से समझ आ सके'- रेडियो और टेलीविजन के आलोक में कथन को स्पष्ट कीजिए?<br><br>'फीचर लेखन का कोई निश्चित प्रारूप नहीं होता' कथन का विश्लेषण कीजिए।<br>स्तंभ लेखन भी विचारपरक लेखन का एक प्रमुख रूप है, कैसे? | |
| | **खंड – ग**<br>**( 'आरोह तथा वितान' पाठ्यपुस्तक पर आधारित )** | **40** |
| **6.** | निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने<br>कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने<br>बाहर भीतर<br>इस घर, उस घर<br>कविता के पंख लगा उड़ने के माने<br>चिड़िया क्या जाने?<br>कविता एक खिलना है फूलों के बहाने<br>कविता का खिलना भला फूल क्या जाने!<br>बाहर भीतर<br>इस घर, उस घर<br>बिना मुरझाए महकने के माने<br>फूल क्या जाने? | **5×1= 5** |
| **I** | कविता किसकी उड़ान है?<br>(A) कवि की<br>(B) पाठक की<br>(C) शब्दों की<br>(D) चिड़ियों की | **1** |
| **II** | कविता की उड़ान को चिड़िया क्यों नहीं जान सकती है? | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (A) चिड़िया कविता नहीं जानती<br>(B) चिड़िया कल्पना नहीं कर सकती<br>(C) चिड़िया की उड़ान की सीमा निश्चित<br>(D) चिड़िया अनुभवहीन होती है | |
| **III** | कविता के लिए फूल क्या है?<br>(A) एक वस्तु<br>(B) एक विषय<br>(C) एक प्रेरणा<br>(D) एक आधार | **1** |
| **IV** | निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :<br>**कथन** - कविता की उड़ान कवि की असीमित कल्पना है।<br>**कारण** - किसी भी सांसारिक वस्तु पर कवि कविता लिख सकता है।<br>**विकल्प** :<br>(A) कथन सही है, कारण गलत है।<br>(B) कथन गलत है,कारण सही है।<br>(C) कथन तथा कारण दोनों सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(D) कथन तथा कारण दोनों सही है किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | **1** |
| **V** | बिना मुरझाए महकने का गुण किसमें है?<br>(A) चिड़ियों में<br>(B) फूल में<br>(C) कवि में<br>(D) कविता में | **1** |
| **7.**<br><br>I | निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में लिखिए :<br>वर्तमान समाज संवेदनहीन होता जा रहा है- 'कैमरे में बंद अपाहिज़'<br>कविता के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए। | **2×3=6** |

| | | |
|---|---|---|
| II | उषा का जादू टूटने की प्रक्रिया को समझाकर लिखिए। | |
| III | 'बादल राग' कविता में बादल को क्रांति का प्रतीक कहने के पीछे के कारणों पर विचार व्यक्त कीजिए। | |
| **8.** | निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में लिखिए : | **2×2=4** |
| I | उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूं - 'आत्मपरिचय' कविता के आधार पर कथन का भाव स्पष्ट कीजिए? | |
| II | 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास' - पतंग कविता के आधार पर पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए? | |
| III | फ़िराक़ गोरखपुरी की रुबाइयों में बच्चे को 'चांद के टुकड़े' कहकर क्यों संबोधित किया गया है? | |
| **9.** | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर चलता है,वैसे ही इस जादू की मर्यादा है। जेब भरी हो,और मन खाली हो,ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार के अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुंच जाएगा।कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है। मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है।पर यह सब जादू का असर है। जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि फैंसी चीजों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है। | **5×1=5** |
| I | बाज़ार हमें अपनी ओर आकर्षित क्यों करता है?<br>(A) आकर्षण के कारण<br>(B) समर्पण के कारण<br>(C) लालच के कारण | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (D) सुविधा के कारण | |
| II | बाज़ार के जादू का असर सबसे अधिक किस पर होता है?<br>(A) पैसे वालों पर<br>(B) खाली मन वालों पर<br>(C) जादू का असर होने वालों पर<br>(D) आराम की वस्तुएं खोजने वालों पर | **1** |
| III | निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार गलत कथन को चयनित कर लिखिए :<br><br>(A) बाजार में एक जादू होता है।<br>(B) खाली मन वालों पर असर अधिक होता है।<br>(C) फैंसी चीजें आराम में खलल डालती हैं।<br>(D) भरे मन वालों पर भी बाजार का जादू चलता है। | **1** |
| IV | बाजार के जादू से मुक्ति तभी संभव है जब आप -<br>(A) मन से भरे हों।<br>(B) जेब से खाली हों।<br>(C) मन से खाली हों।<br>(D) जेब से भरे हों । | **1** |
| **V** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए-<br>कथन- i : सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला लगता है।<br>कथन- ii : जेब भरी होने पर मन नहीं मानता है।<br>कथन - iii : बाजार से कोई बच नहीं सकता है।<br>**विकल्प :**<br>(A) कथन (i) सही है।<br>(B) कथन (i) और (ii) सही है।<br>(C) कथन (i), (ii) और (iii) सही है।<br>(D) कथन (ii) और (iii) सही है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में लिखिए: | **2×3=6** |
| I | बाजार का जादू चढ़ने और उतरने से क्या अभिप्राय है? | |
| II | जीजी ने इंदर सेना पर फेंके गए पानी को सही क्यों ठहराया ? | |
| III | लेखक ने शिरीष को कालजयी संन्यासी की तरह क्यों माना है? | |
| **11.** | निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में लिखिए : | **2×2=4** |
| I | भक्तिन के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? | |
| II | पहलवान की ढोलक किस प्रकार से रात्रि की विभीषिका को चुनौती देती थी? | |
| III | शिरीष के फूल के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है? | |
| **12.** | निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों** में लिखिए : | **2×5=10** |
| I | पिता अपने बच्चे की तरक्की के साथ स्नेह और सहयोग भी चाहता है। 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए? | |
| II | 'जूझ' कहानी का नायक जूझ कर सफलता प्राप्त करता है। आपको नायक के संघर्ष से किस प्रकार की प्रेरणा मिलती है? विस्तार से लिखिए । | |
| III | आज के भीड़ भरे शहरों को मुआनजो - दड़ों की नगर योजना से सीखने की आवश्यकता है। उन तीन बातों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए जिसे नगर नियोजन करने वाले पदाधिकारियों को सीखना चाहिए। | |

*शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।*